प्रकाशनार्थ

पटना, 19 फरवरी। आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के अंतर्गत अपग्रेडेड टीएमएस 2.0 पोर्टल का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन आज भी जारी रहा। यह पटना के निजी अस्पतालों के लिए था। यह आद्री के सेन्टर फाॅर हेल्थ पाॅलिसी (सीएचपी) एवं बिहार स्वास्थ्य सुरक्षा समिति (बीएसएसएस) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया।

सत्र की शुरुआत में सीएचपी-आद्री के टीम लीड डा. सूरज शंकर ने सभी आगन्तुकों का स्वागत किया। उसके बाद बीएसएस के प्रशासी पदाधिकारी श्री शैलेश चन्द्र दिवाकर ने बताया कि एबी-पीएमजेएवाई के बीमार लाभार्थियों की अपने जेब से डे केयर या अस्पताल में भर्ती होकर उपचार कराने वक्त खर्च करने के लिए बाधित नहीं किया जा सकता। हालांकि, इस स्कीम के अन्तर्गत ओ.पी.डी. या डायग्नोस्टिक जांच का भुगतान करने का कोई प्रावधान नहीं है।

बी.एस.एस.एस के वरीय चिकित्सा पदाधिकारी डा. अर्षद अयूब ने कहा कि यह स्कीम किडनी प्रत्यारोपण के लिए 4 लाख रुपये तक देने का वादा करता है। पटना के आईजीआईएमएस अस्पताल ने इस योजना के अन्तर्गत सफलतापूर्वक कई गुर्दा प्रत्यारोपण किए हैं।

बीएसएसएस के ही स्टेट एन्टी-फ्राॅड यूनिट की डाॅ0 गुरिन्दर रंधावा ने इस मौके पर यह स्पष्ट किया कि कैसे धोखाधड़ी के स्थलों को आर्टिफिषियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल करके नेशनल हेल्थ अथाॅरिटी (एनएचए) राष्ट्रीय स्तर पर पता कर ले रही है। डा. नीरज कुमार सिंह, डायरेक्टर-हेल्थ केयर, बीएसएसएस ने कहा कि इस स्कीम के अन्तर्गत कोई भी दो उपचार के पैकेज को बुक करने के लिए बीच में 15 दिन का कम से कम समय होना चाहिए। श्री संतोष झा, डायरेक्टर-आई.टी., बीएसएसएस ने अस्पतालों के प्रबंधको को हिदायत दी कि वे अपना यूजर आई.डी किसी को साझा न करें क्योंकि इसका दुरुपयोग भी हो सकता है।

श्री प्रकाश चन्द्र झा, आई.टी. मैनेजर, बीएसएसएस ने यह दर्शाया कि पोर्टल का प्रोसेस फ्लो सामान्य तौर पर कैसे होता है। उन्होंने यह भी कहा कि निजी अस्पतालों में मेडिको-लीगल केस बहुत ही कम उत्पन्न होते हैं। बीएसएसएस के ही डायरेक्टर-आॅपरेशन डा. आलोक रंजन एवं सीबी एण्ड आईईसी मैनेजर श्री रीतेष मिश्रा ने भी प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया।

पटना जिला के डा. बिमल हास्पिटल, बिग अपोलो स्पेक्ट्रा, मेडि-वर्ल्ड इत्यादि निजी अस्पतालों के करीब **105** चिकित्सक एवं आरोग्य मित्र इस ट्रेनिंग में शामिल हुए। सीएचपी-आद्री के श्री इन्द्रजीत गोस्वामी ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

(अभिषेक प्रसाद)